प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

दिनांक–17.09.2024 समय–7.10 एएम

मुख्य समाचार :–

- देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान की आज से शुरूआत। प्रदेश में जिला चिकित्सालयों में जन औषधि केन्द्रों का होगा शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री रीवा से करेंगे स्वच्छता अभियान की शुरूआत। दो अक्टूबर तक प्रदेश में कार्यक्रमों का होगा आयोजन।
- मुख्यमंत्री ने कहा– कुपोषण के विरूद्ध मध्यप्रदेश मिशन मोड में सक्रिय।
- अनंत चतुर्दशी के अवसर पर आज प्रदेश में कई स्थानों पर निकलेंगी झांकिया।

स्वच्छता ही सेवा–जनऔषधि

देश भर में आज से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की शुरूआत हो रही है। प्रदेश में इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य के सभी जिला अस्पतालों में एक साथ प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों की शुरूआत और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 51 आवासों का गृह प्रवेश होने जा रहा है।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के पहले दिन सभी जिला चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों के संचालन का शुभारंभ करेंगे। यह कदम मध्य प्रदेश के नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण प्रयास है। वर्तमान में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में 500 से अधिक जन औषधि केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों में मरीजों को ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50þ से 90þ तक कम दाम पर दवाइयां उपलब्ध हो रही हैं। इसके अलावा, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के पहले दिन मध्यप्रदेश के 51 हजार आवासों में गृह प्रवेश कार्यक्रम भी होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के द्वितीय चरण का शुभारंभ तथा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत अवार्ड भी वितरित किये जायेंगे।

स्वच्छता ही सेवा–मुख्यमंत्री

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रीवा जिले के चाकघाट में करेंगे। मुख्यमंत्री स्वच्छता कर्मियों के निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का शुभारंभ कर स्वच्छता के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वालों को सम्मानित भी करेंगे। साथ ही सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाएंगे। मुख्यमंत्री समारोह में 33.68 करोड़ की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि "संस्कार स्वच्छता और स्वभाव स्वच्छता" के सिद्धांत पर अमल करते हुए स्वच्छता अभियान को जन–आंदोलन बनाना है। उन्होंने मंत्रीगण, जन–प्रतिनिधियों और आम नागरिकों से बढ़– चढ़कर हिस्सा लेकर जन–भागीदारी से अभियान को सफल बनाने की अपील की है। प्रदेश के स्कुलों में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जायेगा। अभियान के दौरान निरंतर प्रत्येक दिन सफाई पर केन्द्रित गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये है। आज सभी शालाओं में "स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता" की शपथ विद्यार्थियों को दिलाई जायेंगी। शपथ समारोह में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं आसपास की बसाहट के नागरिक भी शामिल होंगे।

स्वच्छता ही सेवा प्रदेश

प्रदेश के सभी जिलों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रमों का सिलसिला आज से शुरु हो रहा है। धार में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर को केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ग्राम देलमी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारंभ में सहभागिता कर , आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगी। इंदौर जिले में भी स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर

अभियान शुरू होगा। इस दौरान स्थानीय स्तर पर जन–प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नागरिकों को स्वच्छ भारत बनाने के लिये शपथ दिलाई जायेगी। छात्रों और युवाओं की भागीदारी के साथ स्वच्छता पर केन्द्रित गीत, नृत्य, प्रश्नोत्तरी, काव्य पाठ और नुक्कड़ नाटक विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये जायेंगे। खण्डवा में प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के अंतर्गत श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया जाएगा। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री श्री लोधी बस स्टेंड मछली बाजार में "स्वच्छता ही सेवा अभियान" के तहत आयोजित सफाई अभियान में भाग लेंगे। आगरमालवा जिला चिकित्सालय में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जहां भोपाल में होने वाले स्वच्छ भारत अभियान का कार्यक्रम का लाईव प्रसारण होगा।

राष्ट्रपति इंदौर

इंदौर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 18 और 19 सितंबर के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए इंदौर विमानतल और कार्यक्रम स्थल को उड़ान निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। 17 सितंबर से 19 सितंबर तक विमानतल सहित मृगनयनी एम्पोरियम एमजी रोड, रेसीडेंसी कोठी और खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय उड़ान निषिद्ध क्षेत्र रहेंगे। विमानतल और कार्यक्रम स्थल के 3 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन, पैरा ग्लाइडर और अन्य फ्लाइंग ऑब्जेक्ट उड़ाने पर रोक रहेगी। राष्ट्रपति 18 सितम्बर को मृग नयिनी एम्पोरियम जाने और 19 सितम्बर को देवी अहिल्या विश्वविद्याल के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने का कार्यक्रम है।

कुपोषण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कुपोषण के विरुद्ध युद्ध में मध्यप्रदेश मिशन मोड पर सक्रिय है। मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप मध्यप्रदेश में कुपोषण के आंकड़ों में बड़ी गिरावट आई है। कुल कुपोषण के स्तर में गिरावट वाले राज्यों में मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में कम वजन वाले बच्चों के आंकड़ों में 45 फीसदी, दुबलापन के आंकड़ों में 45.9 फीसदी, गंभीर दुबलापन में 48.7 फीसदी एवं ठिगनापन में 28.7 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। प्रदेश में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकार ने कई योजनाएं लागू की हैं। प्रदेश में वर्ष 2047 तक सभी प्रकार के कुपोषण का पूरी तरह से उन्मूलन करने का दीर्घकालिक लक्ष्य तय किया गया।

अनंत चतुर्दशी

आज प्रदेश में पारंपरिक रूप से अनंत चतुर्दशी का त्यौहार मनाया जा रहा है। इंदौर की गौरवशाली परम्परा के अनुसार आज रात को शहर के विभिन्न मार्गों से झिलमिलाती नयनाभिराम झांकियां निकलेंगी। खजराना गणेश मंदिर, इंदौर विकास प्राधिकरण, होप टेक्सटाईल (भण्डारी) मिल, नगर निगम सहित अन्य संस्थाओं की झांकियां निकलेंगी। साथ ही अखाड़ों का प्रदर्शन होगा। प्रशासन ने जुलूस मार्ग पर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। खंडवा में आज 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन हो रहा है। करीब 14 बड़ी आकर्षक धार्मिक एवं देश भक्ति भावों को प्रकट करते हुए झांकियां आज निकलेगी। मंडला में आज गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नावघाट एवं संगमघाट महाराजपुर में बने विसर्जन कुंड में होगा। पन्ना में आज अनंतचतुर्दशी पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

मौसम

प्रदेश के कई हिस्सों में आज से तेज बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने सिंगरौली, सीधी, रीवा, मउगंज, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और मैहर समेत 38 जिलों में अगले चौबीस घंटों के दौरान भारी से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा सतना, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, दमोह, सागर छतरपुर और पांडुर्णा जिलों में तेज आंधी और गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक प्रदीप गुप्ता ने बताया–

बाईट– प्रदीप गुप्ता मौसम वैज्ञानिक

भाजपा– प्रधानमंत्री जन्मदिन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आज देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का उद्घाटन करेंगे। श्री नड्डा प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। प्रदेश में भी भाजपा कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

प्रधानमंत्री–ओडिशा दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भुवनेश्वर में ओडिशा सरकार की प्रमुख पहल सुभद्रा योजना का शुभारंभ करेंगे। योजना का उद्देश्य एक करोड से अधिक लाभार्थियों की मदद करना है। 21 से 60 वर्ष आयु सीमा की पात्र लाभार्थियों को पांच वर्ष में पचास हजार रुपये मिलेंगे। प्रधानमंत्री दो हजार आठ सौ करोड रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और लोकार्पण भी करेंगे। श्री मोदी एक हजार करोड रुपये से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की भी आधारशिला रखेंगे। श्री मोदी प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के लाभार्थियों से भी बातचीत करेंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित पोषण जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के ग्राम कुंडला में स्वस्थ्य बालक बालिका स्पर्धा का आयोजन किया गया।
- रतलाम में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत कलेक्टर राजेश बाथम सहित जिला अधिकारी कर्मचारी आज सुबह आठ बजे शहर के अलकापुरी चौराहे पर श्रमदान करेंगे।
- गुना में आज उत्तम बह्मचर्य दिवस के साथ पर्यूषण पर्व का समापन होगा। इस अवसर पर जिनवाणी जी की शोभायात्रा पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से आरंभ होगी। जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी।

....................................